कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, मुरैना (म.प्र.)

ए.बी. रोड, फारेस्ट कालोनी, मुरैना
फोन नं. 07532-234742, E-mail – dfotmorena@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./23/ 72 मुरैना, दिनांक/ 4/1/23

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,

लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1, ग्वालियर।

विषय:- ग्वालियर एवं मुरैना जिले के अंतर्गत सिकरावली से धोवनी मार्ग निर्माण में वनमण्डल मुरैना की प्रभावित वन भूमि रकवा 1.54 हे. क्षेत्र के उपयोग की अनुमति बावत्।

संदर्भ - आपका पत्र क्रमांक/1484/तकनीकी/फारेस्ट/2020 दिनांक 06/02/2021।

----00----

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा ग्वालियर एवं मुरैना जिले के अंतर्गत सिकरावली से धोवनी मार्ग के निर्माण मे वनमण्डल मुरैना की प्रभावित वन भूमि कक्ष क्र. पी-217 वन खण्ड धोबिनी बीट-कन्हार रकवा 1.54 है. वन भूमि व्यपवर्तन हेतु अनुमति बावत् प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत परिवेश पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्ताव क्र. FP/MP/ROAD/45373/2020 इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त प्रस्ताव की परिवेश पोर्टल पर भाग-2 की पूर्ति की जाकर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जाना है। प्रस्तावित मार्ग निर्माण कार्य में प्रभावित हो रहे वनक्षेत्र का मौका स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा इस कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर निरीक्षण दिनांक नियत करता सुनिश्चित करे। जिससे मौका स्थल निरीक्षण उपरांत इस कार्यालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण के संबंध में अनुमति संबंधी आगामी कार्यवाही की जा सके।

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल मुरैना

पृ.क्र./ मा.चि./23/ 73 मुरैना, दिनांक/ 4/1/23

प्रतिलिपि,

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू प्रबंध), सतपुडा भोपाल की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर, वृत्त ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला मुरैना की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. वनमण्डलाधिकारी, वन मण्डल ग्वालियर की ओर सूचनार्थ ।
5. मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र ग्वालियर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी ,लोक निर्माण विभाग पथ उपसंभाग ग्वालियर की ओर ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल मुरैना

E:\Raghvendra\To Other Dept\General_Letters.Docx292